
"महात्मा गाँधी जी की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम"

2 अक्टूबर 2019









# डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

## करमेता, जबलपुर

# दुर्घटना रहित सुगम यातायात के लिऐ सामूहिक "महासंकल्प" कार्यक्रम

दि. 18 - 2 - 2020

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

# डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

## "सड़क दुर्घटना निवारण एवं यातायात सुधार के संबंध में आयोजित कार्यक्रम"

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन करमेता जबलपुर में कलेक्टर के आदेशानुसार सड़क दुर्घटना निवारण एवं यातायात सुधार के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता हेतु समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम यातायात सुधार हेतु तथा दुर्घटना हेतु निवारण हेतु स्टेडियम में आयोजित किया गया। नगर के सभी महाविद्यालयों ने इस आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। तथा दुर्घटना रहित सुगम यातायात के लिए महासंकल्प लिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ। समस्त शिक्षक व छात्र - छात्राएं बड़ी संख्या में प्रातः 10 बजे महाविद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए तथा 12 बजे महाविद्यालय से आध्यापकों के साथ स्टेडियम पहुंचे। जहां अन्य महाविद्यालयों तथा विद्यालयों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर 15000 से अधिक लोगों ने ट्रैफिक नियमों की शपथ लेकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। यातायात के विषय को गंभीरता से लेते हुए जबलपुर वासियों ने राइट टाउन स्टेडियम में सामूहिक महासंकल्प में शामिल होकर यातायात के नियमों को हृदय से पालन करने का संकल्प लिया। यातायात सुधार के लिए जबलपुर जन आक्रोश द्वारा विगत कई माह से जनजागृति का अभियान चलाया जा रहा है। और लगभग चार माह

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur

से प्रत्येक स्कूल, कॉलेज, एक स्पोर्टिंग ग्रुप व नगर के प्रबुद्धजन, राजनेताओं से लेकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की सहमति और सहयोग से 18 फरवरी 2020 को दोपहर 1 बजे रविशंकर शुक्ल स्टेडियम जबलपुर में आयोजित युवाओं - विद्यार्थियों - नागरिकों के "महासंकल्प" कार्यक्रम की तैयारियाँ जोर शोर से चल रही थी। जन आक्रोश जबलपुर द्वारा शहर के विभिन्न स्कूल कॉलेज जाकर प्राचार्य और संचालकों से मुलाकात करके आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी और सहयोग की अपेक्षा की।

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन इस प्रकार की गतिविधियों व जागरूकता कार्यक्रमों में हमेशा अग्रणी रहा है। और इस तरह के जन कल्याण कार्यक्रमों में कंधे से कंधा मिलाकर इस तरह के कार्यक्रमों को गति प्रदान की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि, सफर के दौरान ड्राइविंग के वक्त अपना ध्यान गाड़ी पर केंद्रित रखें। मोबाइल पर बात करना या मैसेज करना खतरनाक साबित हो सकता है। समस्त विद्यार्थियों ने राइट टाउन स्टेडियम में सामूहिक महासंकल्प में शामिल होकर यातायात के नियमों को हृदय से पालन करने का संकल्प लिया। यातायात नियमों के पालन के लिए महासंकल्प के इस कार्यक्रम में एक नन्हे बच्चे को कलेक्टर श्री भरत यादव ने हेलमेट पहनाया। इस अवसर पर लोगों से व्यक्तिगत तौर पर युवाओं एवं छात्रों से संकल्प पत्र भी भरवाए गए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत मीणा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी। और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस द्वारा और सरकारी संगठन, जन आक्रोश के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मौजूद नागरिकों एवं युवाओं को दैनिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री लखन घनघोरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए कार्यक्रम की सराहना की और इसे एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि जबलपुर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि, इसे सुधारने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। यह शहर सबका है और हम सब इस शहर के हैं इस भावना के साथ हर व्यक्ति को यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए आगे आना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों की अधिक उपस्थिति की भी प्रशंसा की। इस तरह दुर्घटनारहित सुगम यातायात के लिए महासंकल्प कार्यक्रम में यातायात नियमों का पालन करने की शपथ लेते हुए इस "महासंकल्प" कार्यक्रम का समापन किया गया।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

"सड़क दुर्घटना निवारण एवं यातायात सुधार के संबंध में स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों की सहभागिता"

18/02/2020






# Dr. Radhakrishnan College of Education.

## रिपोर्ट

**दिनांक**
**1-11-2021**

डॉ. राधाकृष्णन कालेज ऑफ एजुकेशन के तत्वाधान मे मध्यप्रदेश शासनानुसार मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2021 को "आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान के लोक व्यापीकरण के संबंध" मे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। रैली का शुभांरभ प्रात: 9 बजे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. भावना सोनेजी एवं डायरेक्टर अभिषेक चौबे के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली महाविद्यालय से होते हुए आई. टी. आई तक निकाली गई। रैली मे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान के लोकव्यापीकरण के संबंध मे संदेश दिया गया

प्रभातफेरी मे महाविद्यालय के सभी बी. एड., एम. एड. एवं डी. एड. के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की गई। रैली मे कोविड 19 के गाइडलाइन का पालन किया गया विद्यार्थियों ने जोर-शोर एवं उत्साह के साथ ओजपूर्ण वाणी मे आत्मनिर्भर भारत की अपनी पहचान इससे बढ़ेगी।

देश की शान, भारत को विश्व गुरु बनाना है स्वदेशी को अपनाना है प्रभावपूर्ण संदेश से लोगों को जागरुक किया । इस रैली मे सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी भूमिका का निर्वाहन किया इस प्रभातफेरी मे विद्यार्थियों के द्वारा सुंदर पोस्टर एवं स्लोगन का भी निर्माण किया गया इस प्रभात फेरी मे महाविद्यालय के सभी शिक्षक जिसमे ज्योति शुक्ला, समता तिवारी सुधा पासी, मनीषा सोनी, रीना तिवारी निरुपमा नायक ज्योति नेमा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर प्रभात फेरी कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना अथक प्रयास दिया । सभी शिक्षको ने अपने कार्यो को जिम्मेदारी पूर्ण निभाया अंत मे महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा प्रभातफेरी का समापन किया गया महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा अंत मे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा इस प्रभातफेरी कार्यक्रम को सफल बनाने की सराहना की । और उन्होंने कहा कि म.प्र. को और अधिक श्रेष्ठ बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे यह हर व्यक्ति का सबसे बड़ा गुण होता है। आत्मनिर्भरता अंत मे बहुत सुंदर नारे के साथ **"मध्यप्रदेश बनेगा आत्मनिर्भर और खुशहाल जनभागीदारी का होगा विस्तार"**






PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur




"डॉ॰ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन"

"कोरोना संक्रमण से बचाव"

## जन जागरण अभियान में आयोजित प्रतियोगिता की प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण समारोह

23 दिसंबर - 2021

रिपोर्ट

# डॉ. राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन

## रिपोर्ट

## एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता

दिनांक 18/12/2022

किसी विद्वान ने यथार्थ ही कहा है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद गतिविधियाँ हमारे शैक्षिक संस्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। खेलकूद गतिविधियों के द्वारा ही बालकों के स्वस्थ शरीर अवधारणा को आयाम प्राप्त होता है।

इसी विचार को केन्द्रित करते हुए हमारे महाविद्यालय डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 18/12/22 को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य D.Ed/B.Ed प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिभा को उभारना है।

खेल स्पर्धा का शुभारंभ महाविद्यालय की संचालिका श्रीमति कृष्णा चौबे एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. भावना सोनी जी के द्वारा लाल रिबन काटकर प्रारम्भ किया गया। अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की लिस्ट निर्णायक मण्डल को प्रदान की गई। इस खेल कूद प्रतियोगिता की कार्यक्रम प्रभारी श्रीमति सुधा पासी थी।

फेंक एवं गोला फेंक प्रतियोगिता प्रारम्भ की गई जिसमें सभी पहले छात्र एवं छात्राओं ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। जिसमें प्रथम युवराज ठाकुर, द्वितीय स्थान मुकेश ठाकुर एवं तृतीय स्थान अनिल अहिरवार को प्राप्त हुआ।

अंत में तवा फेंक प्रतियोगिता प्रारम्भ की गई। जिसमें डी.एल.एड. एवं बी.एड. की छात्र एवं छात्राओं के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया।

आयोजित एक दिवसीय खेलों में छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। अंत में प्राचार्या महोदया के द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमति कृष्णा चौबे ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों को उनके हुनर को निखारने का अवसर मिलता है, साथ ही उन्हे उड़ने के लिए खुला आसमान और पंख भी मिलते हैं। और उन्हे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, अंत में कार्यक्रम का समापन किया गया एवं निर्णायक मंडल का आभार प्रदर्शन करते हुए उनको धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण, ज्योति शुक्ला, ममता तिवारी, सुधा पासी, स्वाति श्रीवास्तव, मनीषा सोनी, सुरभि शर्मा एवं अन्य शिक्षक गण मौजूद थे।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur

कार्यक्रम प्रभारी
श्रीमति सुधा पासी